(b) the number of schemes out of them approved so far including those approved for the hilly districts of Uttar Pradesh; and

(c) the time by which the pending schemes are likely to be approved?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI VIKRAM MAHAJAN): (a) During the financial year 1981-82, Rural Electrification Corporation received 68 schemes from Uttar Pradesh State Electricity Board for approval. Besides, at the commencement of the previous year i.e. 1st April, 1981, 74 schemes were at various stages of examination in REC and 14 schemes which were referred back to the State Electricity Board were pending with them for revision.

(b) REC sanctioned 80 rural electrification schemes during 1981-82, in Uttar Pradesh which included 6 rural electrification schemes sanctioned in the hill districts.

(c) The schemes which were pending at the beginning of the year 1982-83 will be considered for approval during the current financial year subject to availability of funds.

**अल्मोड़ा में माइक्रोवेव टावर का निर्माण**

791. **श्री हरीश रावत** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनका मंत्रालय दूरदर्शन प्रसारण केन्द्र के रूप में दूर-संचार विभाग द्वारा अल्मोड़ा में बनाई जा रही माइक्रोवेव टावर के उपयोग के लिए संचार मंत्रालय से बातचीत शुरू करने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है ; और

(ख) यदि नहीं, तो इस क्षेत्र के दूरदर्शन देखने वालों और अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उनका मंत्रालय क्या कदम उठा रहा है ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री बसन्त साठे)**: (क) और (ख). टेलीविजन एंटीना लगाने के लिए डाक-तार माइक्रोवेव टावरों का उपयोग करने के सामान्य प्रश्न पर संचार मंत्रालय के साथ बातचीत चल रही है ।

**पिथौरागढ़ में माइक्रोवेव का निर्माण**

792. **श्री हरीश रावत** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर-प्रदेश में पिथौरागढ़ को माइक्रोवेव स्टेशन के निर्माण के लिए लिया स्थल का निर्णय कर लिया गया है और क्या इसके अनुमानित लागत का ब्यौरा तैयार कर लिया गया है ; और

(ख) यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं और इस स्टेशन का निर्माण कार्य कब तक शुरू हो जाएगा ?

**संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाना)** : (क) और (ख). पिथौरागढ़ में एक स्थान का चयन किया गया था लेकिन रेडियो फ्रीक्वेन्सी के आबंटन पर गठित स्थायी सलाहकार समिति द्वारा इसको अनुमति नहीं दी गई थी । अब नए स्थान का चयन किया जा रहा है । नए स्थान का निर्णय लिए जाने और रेडियो फ्रीक्वेन्सी के आबंटन पर गठित स्थाई सलाहकार समिति की अनुमति मिल जाने के बाद, कार्य का प्राक्कलन तैयार किया जाएगा । 1983 में निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है ।

**Dereservation of Posts of Junior Engineers/Assistant Engineers and Executive Engineers in P and T Civil Wing**

793. SHRI BHEEKHA BHAI: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) the total number of posts of Junior Engineers/Assistant Engineers and Executive Engineers in the P&T Civil Wing;

(b) the total number of Scheduled Castes and Scheduled Tribes in the grade of Junior Engineers/Assistant Engineers and Executive Engineers;

(c) what is Government's policy to fill the reserved posts for Scheduled Castes and Scheduled Tribes in his Department;

(d) how many posts have been de-reserved in the above mentioned categories i.e. Junior Engineers/Assistant Engineers and Executive engineers; and

(e) is the approval of the Minister obtained before de-reservation of a post, and if not, at what level the posts are declared de-reserved?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI YOGENDRA MAKWANA): (a) to (e). The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

**दिल्ली में नई गैस एजेंसियां**

794. **श्री कृष्ण चन्द्र पाण्डे :**
**श्री सज्जन कुमार :**

क्या **पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार दिल्ली की भारी जनसंख्या को देखते हुए दिल्ली में और अधिक नई गैस एजेंसियां खोलने का है ; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

**पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी. शिव शंकर):** (क) और (ख). वर्ष 1982-83 की योजना के अन्तर्गत तेल कंपनियों का दिल्ली में एल. पी. जी. की 13 नई वितरण एजेंसियां आरम्भ करने का प्रस्ताव है ।

**दिल्ली के टेलीफोन एक्सचेंजों में टेलीफोन कनेक्शनों की प्रतीक्षा सूची**

795. **श्री कृष्ण चन्द्र पाण्डे :**
**श्री सज्जन कुमार :**
**श्री रामजी भाई मावणि :**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली के प्रत्येक टेलीफोन एक्सचेंज में 1 जुलाई, 1982 को टेलीफोन कनेक्शनों की प्रतीक्षा सूची सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ; और

(ख) सरकार का विचार उन व्यक्तियों को शीघ्र टेलीफोन देने के लिए क्या कार्यवाही करने का है जिनके नाम प्रतीक्षा सूची में हैं ?

**संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाना) :** (क) 1-7-1982 को दिल्ली टेलीफोन में विभिन्न एक्सचेंजों के संबंध में प्रतीक्षा सूची तथा निपटान तारीखों के विवरण सभा पटल पर रखे गए विवरण में दिये गये हैं । [ग्रन्थालय में रखा गया । देखिये संख्या एल.टी. 4232/82].

(ख) प्रतीक्षा सूची के निपटान के लिए नए टेलीफोन एक्सचेंज खोलने तथा मौजूदा एक्सचेंजों में वृद्धि करने का प्रस्ताव है । चालू आवेदनों में से फरीदाबाद शाहदरा पूर्व, जनकपुरी, जोरबाग, हौज खास, ओखला और नेहरु प्लेस क्षेत्रों के सामान्य श्रेणी के कुछ मामलों को छोड़ कर अधिकांश का छठी पंचवर्षीय योजना के अंत तक निपटान हो जाने की संभावना है ।

**दिल्ली के गांवों में सार्वजनिक टेलीफोन केन्द्र**

796. **श्री कृष्ण चन्द्र पाण्डे :**
**श्री सज्जन कुमार :**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली के गांवों में रहने वाले कितने व्यक्तियों ने सार्वजनिक टेलीफोन केन्द्र के लिए आवेदन किया है ।

(ख) उन्हें कब तक सार्वजनिक टेलीफोन केन्द्र उपलब्ध कराये जाने की संभावना है ; और

(ग) इन सार्वजनिक टेलीफोन केन्द्रों का शीघ्र खोला जाना सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं ?

**संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाना):** (क) से (ग). इस संबंध में जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।